भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *54

जिसका उत्तर 25.07.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग - 66 पर बक्कलम अंडरपास

*54. श्री के. सुधाकरन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के तालीपरम्बा - कन्नूर खंड पर लोअर बक्कलम पर एक अंडरपास के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधि से दिनांक 09.07.2024 को कोई याचिका प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि लोअर बक्कलम और ओझाक्रम क्षेत्र एक महत्वपूर्ण जंक्शन है जहां 7 प्रमुख सड़कें मिलती हैं और यह इस क्षेत्र के 25,000 निवासियों के लिए एक कनेक्टिंग प्वाइंट का काम करता है; और

(ग) क्या सरकार ने बक्कलम अंडरपास के प्रस्ताव पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

‘राष्ट्रीय राजमार्ग - 66 पर बक्कलम अंडरपास’ के संबंध में श्री के. सुधाकरन द्वारा पूछे गए दिनांक 25.07.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *54 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) बक्कलम जंक्शन रारा-17 (नया रारा-66) (परियोजना लंबाई 29.948 किमी) के किमी 134.650 से किमी 170.600 तक थलीपरम्भा-मुजप्पिलंगद खंड में आता है, जिसके लिए 6 लेन बनाने की परियोजना कार्यान्वयन चरण में है। लोअर बक्कलम (किमी 136.020) पर अंडरपास के निर्माण का प्रस्ताव 12.07.2024 को प्राप्त हुआ था। प्रस्ताव की जांच की गई और 10X4 मीटर आकार के अंडरपास पर सहमति व्यक्त की गई है।

*****